निदेशक,
माध्यमिक शिक्षा उत्तराखण्ड
देहरादून।

सेवा में,

समस्त मुख्य शिक्षा अधिकारी,
उत्तराखण्ड।

पत्रांक / सेवा–2 / तीन(च)19 / 1798–1801 /2025–26 / दिनांक 13 जून, 2025

विषय– प्रदेश में संचालित अटल उत्कृष्ट राजकीय माध्यमिक विद्यालयों की केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड से सम्बद्धता विस्तारीकरण के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक प्रदेश के अटल उत्कृष्ट विद्यालयों की सी0बी0एस0ई0 सम्बद्धता (मान्यता) माह जून, 2026 में समाप्त होने के दृष्टिगत निदेशालय के पत्रांक / अ0उ0 / तीन(च)19 / 1747–50 / सी.बी.एस.ई.सम्बद्धता / 2025–26 दिनांक 11 जून, 2025 के द्वारा समस्त मुख्य शिक्षा अधिकारियों को जनपदान्तर्गत संचालित राजकीय अटल उत्कृष्ट माध्यमिक विद्यालयों की सी0बी0एस0ई0 से सम्बद्धता नवीनीकरण हेतु तत्काल अग्रेत्तर कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है।

संज्ञान में आया है कि कतिपय अटल उत्कृष्ट विद्यालयों की सी0बी0एस0ई0 सम्बद्धता (मान्यता) माह जून, 2026 में समाप्त हो रही है, किन्तु कक्षा–10 एवं कक्षा–12 में अध्ययनरत छात्र–छात्राओं के सी0बी0एस0ई0 परीक्षा हेतु आवेदन आदि प्रकिया आगामी माह में सम्पादित होनी है।

अतः उक्त के दृष्टिगत आपको निर्देशित किया जाता है कि जिन अटल उत्कृष्ट माध्यमिक विद्यालयों की सी0बी0एस0ई0 सम्बद्धता (मान्यता) 30 जून, 2026 तक प्राप्त है, उन अटल उत्कृष्ट विद्यालयों के प्रधानाचार्यो को सी0बी0एस0ई0 मान्यता नवीनीकरण की सम्पूर्ण कार्यवाही 30 जून, 2025 तक अनिवार्य रूप से पूर्ण करा दी जाय।

भवदीय,

डॉ0(मुकुल कुमार सती) 13/6/25
निदेशक
माध्यमिक शिक्षा उत्तराखण्ड।

पृ0सं0 / सेवा–2 / तीन(च)19 / 1798–1801 /2025–26 दिनांक–उक्तांकित।

प्रतिलिपि–निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1– अपर निदेशक, माध्यमिक शिक्षा गढ़वाल मण्डल पौड़ी / कुमांऊ मण्डल नैनीताल।

2– समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी, उत्तराखण्ड।

3– समस्त प्रधानाचार्य, अटल उत्कृष्ट राजकीय माध्यमिक विद्यालय को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि उक्त निर्देशों के अनुरूप तत्काल अग्रेत्तर कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

निदेशक 13/6/25
माध्यमिक शिक्षा उत्तराखण्ड।

कार्यालय- मुख्य शिक्षा अधिकारी, चमोली

पत्रांक / 2165 / 2025-26 दिनांक 13/06/2025

उक्त पत्र की प्रति समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारियों को इस माध्यम से प्रेषित कि आप निर्धारित तिथि 30 जून 2025 तक CBSE मान्यता नवीनीकरण की कार्यवाही पूर्ण करने हेतु अपने विकासखण्ड में संचालित अटल उत्कृष्ट माध्यमिक विद्यालयों के संस्थाध्यक्षों को निर्देशित करना सुनिश्चित करें।

प्रतिलिपि:- समस्त अटल उत्कृष्ट माध्यमिक विद्यालय चमोली।

13/06/2025
मुख्य शिक्षा अधिकारी
चमोली

Scanned with OKEN Scanner
CamScanner